तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 राशन दुकानों में ताला, भटक रहे हितग्राही



## खबर संक्षेप

### मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रिमिजियुस एक्का ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले के सभी औद्योगिक इकाईयों को मतदान दिवस 7 मई को संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश की मंजूरी देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसे श्रमिक सीमावर्ती राज्य के मतदाता हैं वे भी सवैतनिक अवकाश के लिए पात्र होंगे और अपने गृह राज्य में जाकर मतदान कर सकेंगे। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग अपने मतों का सदुपयोग कर सुदृढ़ एवं मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐंगे।

### मतदान ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए बने सुविधा केंद्र

**अंबिकापुर।** लोकसभा चुनाव में सरगुजा जिला अंतर्गत डाक मतपत्र, पोस्टल बैलेट से मतदान करने हेतु निर्वाचन ड्यूटी पर कार्यरत मतदाताओं में मतदानकर्मी, पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, वाहन चालक, कंडक्टर, हेल्पर, विडियोग्राफर आदि के लिए डाक मतपत्र के जरिये मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं। अनुपस्थित श्रेणी-अनिवार्य सेवा के मतदाता कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए पोस्टल वोटिंग सेंटर में 29 अप्रैल से 1 मई तक सुबह 9 से 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे। इसी तरह पुलिस लाईन अंबिकापुर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 30 अप्रैल को सुबह 10.30 से सायं 5.30 बजे तक पुलिस, नगर सेना, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मतदान करेंगें। वहीं कम्पोजिट बिल्डिंग कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित किए गए सुविधा केंद्र में 2 मई से 6 मई तक सुबह 10.30 से 5 बजे तक मतदान कर्मी, अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी जो सरगुजा जिले के पंजीकृत मतदाता है, वाहन चालक, कंडक्टर, हेल्पर, विडियोग्राफर इत्यादि वोट करेंगे।

### भतीजे ने चाचा के साथ मारपीट कर जलाया सामान

**सूरजपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर भतीजे ने पहले चाचा की बेदम पिटाई की फिर उसके शौचालय व नहानी का दरवाजा तोड आग लगा दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम बांसापारा निवासी परमेश्वर साहू आ. स्व. रामदयाल साहू घर में अकेला था जबकि पत्नी व बच्चे एक सप्ताह पूर्व रायपुर गए थे। गत दिन शाम को परमेश्वर काम करने के पश्चात घर के बाहर हाथ पैर धो रहा था तभी भतीजा सर्वेश साहू पहुंचा और चाचा को पकड़ बडे पिता पूरन साहू के घर चलने की बात कही। जब दोनो पूरन के घर के सामने पहुंचे तभी भतीजा ने पुरानी रंजिश को लेकर चाचा की बेदम पिटाई कर दिया। घटना को देख सौरभ साहू ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट से घायल चाचा घर पहुंचा तो सर्वेश पुनः उसके आया और शौचालय, नहानी के दरवाजे को तोड़कर आग के हवाले कर दिया। आग घर में आग लगने से कमरे में रखे कूलर, कपड़ा सहित अन्य सामान जल गए। घटना की रिपोर्ट पीड़ित ग्रामीण ने पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### नाला में मछली पकड़ने से मना करने पर की भाई की पिटाई

**अम्बिकापुर।** नाला में मछली मारने से मना करने पर छोटे भाई ने पुत्र के साथ मिलकर भाई की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम गोरगी लम्मीडांड़ निवासी सोहर साय पंडो शूक्रवार की शाम सामने खड़ा था। इसी दौरान छोटा भाई मोहर पंडो अपने पुत्र सोनसाय के साथ नाला में मछली पकड़ रहे थे। नाला के पानी गंदा होने पर सोहर साय ने मना किया तो दोनों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। दामाद सोहन पंडो ने ससुर के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## बोर के माध्यम से भूमिगत जल का किया जाएगा उपयोग

# गर्मियों में पानी की किल्लत से बचने निगम ने तैयार कराए संपवेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भीषण गर्मी के दौरान पानी की किल्लत से बचने के लिए नगर निगम ने अभी से अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। शहर के कई वार्डों में भूमिगत जल स्त्रोत से पानी सप्लाई के लिए सम्पवेल निर्माण का कार्य अब पूर्णता की ओर है। वर्तमान में बांकी डेम में भी इतना पानी मौजूद है कि आधे जून माह तक बिना किसी समस्या के सभी वार्डों में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकता है इसके साथ ही आने वाले समय में नगर निगम घुनघुट्टा बांध के कतकालो फिल्टर प्लांट की क्षमता में वृद्धि करने के साथ ही पानी की बचत कर शेष वार्डों में सप्लाई की जाएगी। बता दें कि बांकी जलाशय में जल भराव में कमी आने के साथ ही शहर को गर्मी के समय में पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। विगत कुछ वर्षों में शहर को पेयजल की समस्या सामने आई है और लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा था ऐसे में इस बार नगर निगम द्वारा पहले से ही पानी की समस्या से बचने के लिए तैयारियां की जा रही थी। नगर निगम द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में भूमिगत जल स्त्रोत का उपयोग गर्मी के दिनों में करने का निर्णय लिया गया। निगम सरकार द्वारा शहर के पश्चिमी क्षेत्रों पटपरिया, भगवानपुर, सुभाष नगर, माखन विहार सहित अन्य टंकियों का चिन्हांकन किया है। इन स्थानों पर ग्राउंड वाटर उपलब्ध है ऐसे में निगम द्वारा क्षेत्र में बोर कराने के साथ ही पानी एकत्रित कर सप्लाई करने के लिए सम्पवेल का निर्माण कराया गया है। ननि क्षेत्रों में सम्पवेल के निर्माण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है और अगले 15 से 20 दिनों में काम पूर्ण हो जाएगा। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा इन टंकियों में कतकालो फिल्टर प्लांट से आने वाले पानी को वार्डों में उन स्थानों पर डायवर्ट किया जाएगा जहां पानी की समस्या होती है। बताया जा रहा है कि इस तरह नगर द्वारा 3 एमएलडी पानी की बचत कर उन्हें दूसरे वार्डों में भेज जाएगा जबकि उक्त टंकियों में बोर के माध्यम से भूमिगत जल का भराव कर वार्डों में पानी की सप्लाई की जाएगी।

**खास बात**

- कतकालो में लगाए जा रहे अतिरिक्त पंप



निगम द्वारा निर्माणाधीन सम्पवेल।

### कतकालो प्लांट की बढ़ेगी क्षमता

नगर निगम द्वारा पानी की कमी को दूर करने के लिए तीन एमएलडी की व्यवस्था बोर के माध्यम से करने के साथ ही फिल्टर प्लांट से आने वाले उक्त तीन एमएलडी को शहर के बीच वार्डों में डायवर्ट किया जाएगा। इसके साथ ही निगम कतकालो फिल्टर प्लांट की क्षमता में भी वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में घुनघुट्टा बांध से पानी लेकर कतकालो फिल्टर प्लांट के माध्यम से 15 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन निगम यहां एक अतिरिक्त पंप की व्यवस्था की गई है और जरुरत पड़ने पर निगम यहां से क्षमता के अनुरूप अतिरिक्त 3 एमएलडी पानी ले सकता है। इस तरह निगम कुल 6 एमएलडी पानी की व्यवस्था कर शहर में सप्लाई कर सकता है जबकि पांच टंकियों में बोर से पानी सप्लाई हो जाएगा।

### 15 जून तक नहीं होगी समस्या

नगर निगम का कहना है कि वर्तमान में बांकी जलाशय में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्धि है। बांध के एनीकट का गेट क्षतिग्रस्त होने, ग्रैविटी पाइप लाइन में खराबी होने के कारण 5 से 6 एमएलडी पानी बर्बाद हो जाता था। इस समस्या से निजात पाने के लिए फिलहाल नगर निगम द्वारा वर्षों पुराने एनीकट के गेट को स्लैब लगाकर बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही क्षतिग्रस्त हुए ग्रैविटी पाइप लाइन से भी पानी सप्लाई को बंद कर दिया गया है और नदी के माध्यम से ही फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचाया जा रहा है। निगम द्वारा भी बांध से उतना ही पानी छोड़ा जा रहा है जितने की जरूरत है। इन उपायों के कारण बांकी जलाशय से पानी की बर्बादी कम हुई है और वर्तमान में इतना पानी मौजूद है कि 15 जून तक किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

### तेजी से चल रहा काम

गर्मी में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए तैयारियां कर ली गई है। शहर के पश्चिमी क्षेत्र में बोर के माध्यम से पानी सप्लाई की जाएगी इसके लिए सम्पवेल के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। कतकालो प्लांट में भी तीन एमएलडी तक क्षमता का विस्तार किया जा रहा है। इससे हम गर्मी के समय लगभग 5 से 6 एमएलडी पानी की व्यवस्था कर सकेंगे। बांकी डेम में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध है।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर



# स्ट्रेस समाज में कर रहा साइलेंट किलर के रूप में काम : डॉ. राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

काशी यूनिवर्सिटी के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मधुकर राय का कहना है कि वर्तमान समय में बच्चों व युवाओं के आत्महत्या का कारण तनाव है। स्ट्रेस के एक साइलेंट किलर के रूप में काम कर रहा है और इसके खिलाफ हम सब को मिलकर लड़ाई लड़नी है तभी हम देश को स्वस्थ समाज दे पाएंगे। बच्चे पढ़ाई के बोझ तले दबते जा रहे है और खेल गतिविधियों से दूर हो गए है। हमें भी अभिभावकों व शिक्षकों को बताना पड़ेगा कि बच्चों के जीवन में खेल कितना आवश्यक है। डॉ. राय रविवार को शहर के पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। आज शहर के सरगवां पैलेस रिसॉर्ट में सरगुजा एपीआई कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान डॉ. राय ने कहा कि वर्तमान समय में खानपानी में गड़बड़ी के कारण देश में मधुमेह तेजी से बढ़ रहा है और छोटी उम्र में ही लोग हृदय रोड के शिकार हो रहे है। व्यायाम करने की व्यवस्था नहीं होना और तनाव इसका प्रमुख कारन है। तनाव के कारण शरीर का तंत्रिका तंत्र बिगड़ जाता है। तनाव के कारण लोग ब्रेन हेमरेज, हार्ट अटैक, किडनी की बीमारी के शिकार हो रहे है। 15 से 20 वर्ष की उम्र के लोगों को हार्ट अटैक आ रहा है। डॉ. आशुतोष ने कहा कि हार्ट अटैक के कई कारण है, एक कारण जेनेटिक भी हो सकता है लेकिन लेकिन पारिवारिक परंपरा पर इसे छोड़ देना गलत होगा। सबसे बड़ा कारण स्ट्रेस व मोटापा है। शरीर की ऊंचाई व बनावट के हिसाब से वजन कितना हो, आपके खाने की थाली में क्या-क्या होना चाहिए यह लोगों को नहीं पता है। रात में देर तक जागने का चलन हो गया है जबकि हमें रात 10 बजे के बाद सो जाना चाहिए और 6.30 से 7 घंटे तक का नींद पूरा करके सुबह जल्दी उठ जाना चाहिए। लोग छोटे-छोटे क्लब्स बनाकर एक्सरसाइज करें, साइकिल चलाए, खेल कूद के साथ ही अन्य गतिविधियों में हिस्सा लें। डॉ तरुण ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही सुंदर मानसिकता का विकास हो सकता है। बच्चों को खेलने प्रोत्साहित करें। आज बच्चे इंटरनेट जैसे नशे की चपेट में है, इससे बच्चों को जितना दूर रखें उतना ही बेहतर है। बचपन से ही हेल्दी लाइफस्टाइल और एक्सरसाइज करें तो यह बीमारी काफी दूर रहेगी। बता दें कि सरगुजा एपीआई कॉन्फ्रेंस में देश के विख्यात 300 चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और अपने अनुभव साझा किए। इस कांफ्रेंस में नई तकनीक व दवाइयों पर भी मंथन किया गया। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉक्टर हर्षप्रीत टुटेजा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सरगुजा में स्वास्थ्य सुविधा को अधिक से अधिक सस्ता, सुलभ और मितव्ययी बनाने के साथ नई-नई तकनीक और दवाइयों के उपयोग कि जानकारी को साझा किया गया। इस दौरान रायपुर से डॉ. अरुण केडिया, मेडिकल कॉलेज से मेडिसिन विभाग के एचओडी व आयोजन के अध्यक्ष डॉ. लखन सिंह, सेक्रेटरी हर्षप्रीत टुटेजा मौजूद थे।

- मधुमेह, हार्ट अटैक, किडनी की बीमारी में हुई वृद्धि, एपीआई कॉन्फ्रेंस में जुटे 300 विख्यात चिकित्सक

# भोजन नहीं देने पर शराबी पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

पत्नी के भोजन नहीं देने से नाराज हुए पति ने न सिर्फ पत्नी के विवाद कर मारपीट किया बल्कि सिर पर जानलेवा हमला कर मौके घाट उतार दिया। घटना के बाद फरार आरोपी पति को पुलिस 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दमऊ कुंड निवासी किशुन राम शनिवार की शाम शराब के नशे में धुत्त होकर घर पहुंचा और पत्नी गीता से भोजन देने के लिए कहा परंतु पत्नी भोजन नहीं दी जिससे दोनों के बीच विवाद होने लगा। इधर 10 वर्षीय पुत्र व 14 वर्षीय पुत्र ने माता-पिता को झगड़ते देख रोते हुए दादा-दादी के सोने चले गए। इसी बीच पत्नी व पति के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब दोनों बच्चे घर आकर मां को उठाने लगे तो वह नहीं उठी। जिस पर बच्चों ने घटना की जानकारी घर के समीप रह रहे बड़े पापा सत्यनारायण को दी। परिजन तत्काल घर पहुंचे तो देखा गीता मृत हालत में पड़ी हुई थी। गीता के सिर के पिछले हिस्से कान के पास और गाल में चोट के निशान पाए गए। परिजन ने घटना की सूचना उदयपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में पति के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर घटना के 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी पति ने पुलिस को बताया की खाना नहीं देने की बात पर पत्नी को गाल में मारना बताया तथा खाना नहीं मिलने पर सो जाने की बात कही है। पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, सहायक उप निरीक्षक विजय गुप्ता, आरक्षक देवेंद्र, सुरेंद्र बारी सक्रिय रहे।

- घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



# आचार संहिता लगने के बाद पुलिस ने वसूला 24 लाख से अधिक का जुर्माना

**अंबिकापुर।** सरगुजा में लोकसभा चुनाव के बीच पुलिस एक्शन मोड़ में नजर आ रही है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सरगुजा पुलिस ने जिलेभर में 482 फरार वारंटियों कों पकड़ने के साथ ही 4 आदतन आपराधिक प्रवृति के लोगों को जिला बदर किया है। पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामलों में भी सर्वाधिक 3872 वाहन चालकों पर 24 लाख 40 हजार 830 रुपए का अब तक जुर्माना लगाया है। हैरानी की बात तो यह है कि विगत कुछ महीनों में लाखों रुपए का जुर्माना भरने के बाद भी जिलेवासियों में यातायात नियम तोड़ने की आदतों में सुधार नहीं हुआ है और यही वजह है कि लगातार पुलिस लोगों पर कार्रवाई कर समन शुल्क वसूल रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने के साथ ही जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लगने के बढ़ आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त कुल 482 फरार वारंटियों कों पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया एवं जिले के 4 आदतन आपराधिक किस्म के व्यक्ति जिलाबदर किया गया। अवैध शराब पर सख्ती से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने से अब तक कुल 695 लीटर अवैध देशी शराब एवं 67 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब समेत कुल अवैध शराब 762 लीटर शराब जब्त किया है जिसकी कुल कीमत लगभग 1 लाख 21 हजार 725 रुपए है। अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 15 किलोग्राम, प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन कुल मात्रा 6.5 लीटर, 700 मिलीलीटर प्रतिबंधित कफ सिरप समेत कुल 2 लाख 60 हजार 54 रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है। आचार संहिता के दौरान सरगुजा पुलिस ने सर्वाधिक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। जिलेभर में पुलिस व यातायात विभाग द्वारा कार्रवाई कर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 3 हजार 872 प्रकरण दर्ज किए गए और इन मामलों में 24 लाख 40 हजार 830 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। इसी तरह आपराधिक गतिविधियों मे संलिप्त व्यक्तियों पर सख़्ती से करवाई करते हुए आर्म्स एक्ट 9 प्रकरण दर्ज कर 9 हथियार जब्त किए है जिनमें 1 देशी कट्टा, 1 देसी पिस्टल, 2 लोहे का कटार, 4 तलवार, 1 गड़ासा, 3 कारतूस शामिल है। पुलिस द्वारा चुनाव के दौरान 627 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा कराए गए। वहीं पुलिस टीम द्वारा 107, 116 की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई 891 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई हैं। धारा 151 के तहत कुल 124 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई व 521 व्यक्तियों कों बाउंडओवर किया गया हैं।

- 482 फरार वारंटी पकड़े, सवा लाख की शराब व ढाई लाख के मादक पदार्थ जब्त






# पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक आईपीएस मुख्तार मोहसीन ने बलरामपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र सामरी अंतर्गत मतदान केंद्र सिधमा एवं ककना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से वहां की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों में मतदाताओं की जानकारी के लिए कराए गए दीवार लेखन, दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप, शौचालय, पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न करना निर्वाचन आयोग एवं प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्वाचन को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए एसडीएम राजपुर राजीव जेम्स कुजूर को निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने बरियों नाका का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एसएसटी एवं एफएसटी टीम भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें। कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चेकिंग के निकलना नहीं चाहिए। संदिग्ध धनराशि, अवैध मादक पदार्थ और ऐसी वस्तुओं को जब्त करें, जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना हो। आयोग के दिशा-निर्देशों और आचार संहिता का उल्लंघन सामने आने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए।

- चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले वस्तुओं को जब्त करने के निर्देश

## सरगुजा संसदीय क्षेत्र में 334 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं का चिन्हांकन

# घर-घर पहुंचेंगे मतदान अधिकारी, मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा लोकसभा सीट के लिए दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए होम वोटिंग का कार्य आज से शुरू होगा। 29 व 30 अप्रैल को मतदान अधिकारी घर घर पहुंचकर मतदाताओं से वोटिंग कराएंगे। इस दौरान मतदाता बैलेट पेपर से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते है। सरगुजा संसदीय सीट के लिए तीनों जिलों में कुल 334 मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। बता दें कि सरगुजा संसदीय सीट के लिए 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होना है। चुनाव में भाजपा कांग्रेस के साथ ही कुल दस प्रत्याशी मैदान में है। लोकसभा चुनाव में भी निर्वाचन आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक उम्र बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक ऐसे दिव्यांग जो मतदान केंद्र तक जाने में सक्षम नहीं है उन्हें घर पर ही मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सरगुजा संसदीय सीट में होम वोटिंग का कार्य डाक मतपत्र के माध्यम से कराया जाना है। 7 मई को होने वाले मतदान से पूर्व मतदान अधिकारी 29 व 30 अप्रैल को पंजीकृत मतदाताओं के घर पहुंचेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में आज से प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जायेगा। जिले में होम वोटिंग सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 21 दल गठित किए गए हैं। आंकड़ों के अनुसार सरगुजा संसदीय क्षेत्र में कुल 334 लोगों को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसमें सरगुजा जिले में 166 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। इनमें 127 मतदाता 85 वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के हैं और 39 मतदाता 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता हैं। इन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के जरिए घर पर मतदान की सुविधा मिलेगी। जिले में होम वोटिंग सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए 21 दल गठित किए गए हैं जिनमें 42 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। साथ ही 4 रिजर्व दल भी गठित किए गए हैं। इसी तरह सरगुजा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बलरामपुर जिले में 112 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। इसमें 85 वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। इसी तरह सूरजपुर जिले में 56 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मिलेगी। जिसमें वर्ष की आयु से अधिक वर्ग के 37 मतदाता एवं 19 दिव्यांग मतदाता हैं।



### अवैध रूप से शराब बिक्री करते युवक गिरफ्तार


**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गांधीनगर पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना अंतर्गत बिशुनपुर में छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बिशुनपुर निवासी 30 वर्षीय समीर टोप्पो के पास से अवैध रूप से रखा हुआ 6 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, महिला आरक्षक प्रिया रानी, आरक्षक पवन यादव, पंकज लकड़ा शामिल रहे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# डगलस का खुलासा, अपने किरदार की चाहते थे खतरनाक मौत

हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस ने अपनी चर्चित फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है।



एक बातचीत में उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की खतरनाक मौत चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मेकर्स के अनुरोध भी किया था। माइकल डगलस हॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। अपनी अदाकारी से वे वैश्विक स्तर पर काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वे मार्वल की साल 2023 में आई फिल्म एंटमैन एंड द वैस्प क्वांटमैनिया में नजर आए थे। इस फिल्म में डॉ. हैंक पाइम की भूमिका में उन्हें काफी पसंद किया गया था। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म में अपने किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वे फिल्म में अपने किरदार की मौत का एक गंभीर दृश्य चाहते थे और इसके लिए उन्होंने अनुरोध भी किया था। एक बातचीत में अभिनेता ने कहा कि फिल्म के तीसरे भाग से पहले उन्होंने अपने चरित्र को मारने का अनुरोध किया था। डगलस ने कहा, ₹वास्तव में मैंने तीसरी फिल्म के ऐसा किया था। मैंने कहा था कि मैं स्पेशल इफेक्ट्स के साथ मौत चाहता हूं। कोई शानदार तरीका होना चाहिए, जहां मैं चींटी के आकार में सिकुड़ जाऊं और मुझमें विस्फोट हो जाए। कुछ भी हो जाए, लेकिन मैं उन सभी इफेक्ट्स का उपयोग करना चाहता हूं। एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया का निर्देशन पेटन रीड ने किया गया था। वहीं, इसे जेफ लवनेस ने लिखा था। फिल्म में पॉल रुड, इवांगेलिन लिली, जोनाथन मेजर्स, कैथरीन न्यूटन, डेविड डस्टमालचियन, कैटी ओ'ब्रायन, विलियम जैक्सन हार्पर, बिल मरे, कोरी स्टोल और मिशेल फिफर ने अभिनय किया था। डगलस ने 2015 की फिल्म एंट-मैन में हैंक पाइम की भूमिका की शुरुआत की और 2018 की एंट-मैन एंड द वास्प और 2019 की एवेंजर्सः एंडगेम में इसे फिर से निभाया। हैंक पाइम के रूप में उन्हें आखिरी बार साल 2023 की एंट-मैन एंड द वास्पः क्वांटमैनिया में देखा गया था।

### टॉलीवुड

# श्रुति -शांतनु की राहें जुदा, क्यों हुआ कयासों का बाजार गर्म ?

श्रुति हासन और शांतनु बीते लंबे समय से रिलेशनशिप में थे। वहीं, अभिनेत्री ने कुछ हफ्तों से शांतनु के साथ



कोई तस्वीर भी शेयर नहीं की, जिसके कारण ब्रेकअप की अफवाहों ने और ज्यादा तूल पकड़ लिया। हालांकि, न तो श्रुति हासन और न ही शांतनु हजारिका ने अपने ब्रेकअप के पीछे के कारण के बारे में खुलकर बात की है। हाल ही में ऐसी अफवाहें फैलने लगी थीं कि श्रुति हासन और शांतनु हजारिका करीब एक महीने से अलग रह रहे हैं। इस जोड़े ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया और श्रुति ने अपने इंस्टाग्राम फीड से उनकी एक साथ की तस्वीरें भी हटा दीं। ऐसा प्रतीत होता है कि श्रुति और शांतनु ने अपने व्यक्तिगत हितों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अलग-अलग रास्ते अपनाने का फैसला किया है। मुंबई स्थित असमिया कलाकार शांतनु हजारिका एक विजुअल आर्टिस्ट, वीडियो गेम डिजाइनर और चित्रकार हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा ने श्रुति का ध्यान तब खींचा जब वह अपनी किताब पर काम कर रही थीं, जिसमें उनकी कविताएं हैं। शांतनु ने पुस्तक के लिए एक चित्रकार और डिजाइनर के रूप में योगदान दिया और उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

काम के मोर्चे पर, श्रुति 'सालार 2' के लिए तैयारी कर रही हैं। इसके अलावा, 'डेकोइट', 'टॉक्सिक' और सुपरस्टार रजनीकांत की 'कुली' जैसी परियोजनाओं में उनके शामिल होने की अफवाहें हैं। हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

# विक्रांत और ऋतु की 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज

विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म की कहानी कई लोगों को



महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की याद दिला रही है। हालांकि, फिल्म के लीड एक्टर विक्रांत ने साफ कर दिया है कि इसकी कहानी पूरी तरह से फिक्शन बेस्ड है। भोजपुरी सुपरस्टार विक्रांत सिंह राजपूत और एक्ट्रेस ऋतु सिंह की अपकमिंग फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का ट्रेलर मजेदार है और इसे देखकर कई लोग इसे महिला अधिकारी ज्योति मौर्य की कहानी से जोड़ रहे हैं जिन्होंने अधिकारी बनने के बाद अपने पति को छोड़ दिया था।

फिल्म के ट्रेलर में विक्रांत सिंह राजपूत एक ऐसे हसबैंड की भूमिका में हैं जिसकी पत्नी पढ़ाई कर अफसर बनना चाहती है। हालांकि परिवार के बाकी लोग उनकी पत्नी को अफसर बनाने और पढ़ाने-लिखाने के खिलाफ हैं।

जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'हानिकारक मेहरारू' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म की कहानी संवेदनशील मुद्दे पर आधारित है।

## लाइफ स्टाइल



### अरब का हुस्न

मिस्त्र की पहचान पिरामिड से है और इन पिरामिड के परिदृश्य में फैशन उद्योग भी खूब पनपता रहा है। मिस्त्र की सांस्कृतिक झलक यहां के फैशन शो में देखने मिलती है। पिछले दिनों कोचर कलेक्शन के अंतर्गत इटालियन फैशन हाउस लारा मैंकिनी और अमेरिकन डिजाइनर लैक्वान स्मिथ ने मिस्त्र में यह अनूठा शो किया। जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला।

# देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटकारा



आपने अक्सर लोगों को ये कहते सुना होगा कि बच्चों को छोटे से घी खिलाना चाहिए, ताकि उनका शरीर मजबूत बनें। घी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी लाभदायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को भी लाभ पहुंचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है।

अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।

### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

### इंफेक्शन का खतरा होता है कम

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। अगर आप इसका इस्तेमाल हर रोज करेंगे तो चेहरे पर रैशेज और लालिमा की परेशानी भी कम हो जाती है।

# दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट





फैशन

सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट



इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है। वहीं इस सूट के साथ पेंट स्टाइल में सूट पहन सकती हैं। इस तरह के सूट को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

# चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों को न करें नजरअंदाज, सूट लुक हो सकता है खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

### कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।



### चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं।

# जंपसूट के साथ अपनाईए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं। वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

**स्ट्रैपी हील्सः** अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।



**मीडियम हील्स सैंडलः** अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं।


अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

## कार्नर न्यूज

### परफेक्ट लुक के लिए इस मौसम में हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं

# गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।





**ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्सः** अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

**बैंड कॉलर शर्ट्स :** शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

**हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट :** वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

**मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट :** मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

**क्यूबन कॉलर शर्ट्सः** क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

**लीफ प्रिंट शर्ट्स :** फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।



**स्ट्राइप्ड शर्ट :** स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

## खबर संक्षेप

### रोहन बने भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव की अनुशंसा एवं भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रकाश अनंत ने रोहन दुबे को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने ने संघ द्वारा दिए गए दायित्व पर खरा उतरने की कोशिश करने की बात कही।

### साई कॉलेज की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाओं की तिथियां घोषित की गई हैं। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि बी.एससी, बी.एड रसायन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 5 मई हो होगी। बी.एससी प्रथम वर्ष नियमित गणित ग्रुप, बी.एससी प्रथम वर्ष लाइफ साईंस और स्वाध्यायी रसायन विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 8 और 9 मई, बी.एससी द्वतीय वर्ष नियमित लाइफ साईंस और फिजीकल साईंस, बी.एससी द्वतीय वर्ष स्वाध्यायी, एक्स और पूरक परीक्षा, बीएससी बीएड द्वतीय वर्ष नियमित की रसायन विज्ञान की परीक्षा 4 मई, बी.एससी तृतीय वर्ष नियमित लाइफ साईंस, फिजीकल साईंस की रसायन विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 14 मई, बी.एससी तृतीय वर्ष स्वाध्यायी, एक्स, पूरक लाइफ साईंस और फिजीकल साईंस की रसायन विज्ञान प्रायोगिक परीक्षा 15 मई होगी। बी.एससी प्रथम, द्वतीय और तृतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक लाईफ साईंस ईव्हीएस प्रायोगिक परीक्षा 9 मई, बी.एससी प्रथम, द्वतीय और तृतीय वर्ष फिजीकल साईंस इव्हीएस परीक्षा 1 मई, बीएससी प्रथम वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक वनस्पति विज्ञान की 2 मई, बीएससी द्वतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक वनस्पति विज्ञान 3 मई, बी.एससी तृतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक वनस्पति विज्ञान की 4 मई, बीएससी द्वतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक की रसायन विज्ञान की 4 मई, बीएससी बीएड द्वतीय वर्ष नियमित रसायन विज्ञान 4 मई, बीएससी प्रथम वर्ष, द्वतीय वर्ष और तृतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक एन्थ्रोपोलॉजी की 13 मई, बी.एससी बीएड प्रथम वर्ष नियमित वनस्पति विज्ञान की 9 मई, बीएससी बीएड नियमित वनस्पति विज्ञान की 14 मई, बीएससी प्रथम वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स, पूरक जीव विज्ञान की 30 अप्रैल, बीएससी तृतीय वर्ष नियमित, स्वाध्यायी, एक्स और पूरक जीवन विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को होगी। सभी परीक्षार्थी प्रायोगिक फाइल, प्रोजेक्ट फाइल के साथ उपस्थित होंगे।

## निधन

### लालती देवी



**अम्बिकापुर।** रावत रेसिडेंसी निवासी श्रीमती लालती देवी पति विरेन्द्र जायसवाल का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम चांदों में शनिवार को किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन व स्नेही शामिल हुए।

### रोहिणी सिंह



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रिटायर्ड कर्मी रोहिणी सिंह का 95 वर्ष की आयु में शनिवार को निधन हो गया। बताया गया कि अभी हाल ही में उनके छोटे पुत्र नेतू सिंह का निधन हुआ था।रोहिणी सिंह कुंजनगर के भूतपूर्व सरपंच सरबर सिंह के भाई व वर्तमान सरपंच कैलाश सिंह के दादा थे। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया,मुखाग्नि उनके पुत्र रामलखन सिंह ने दी।

### देर रात प्रसूताओं को लेकर आती है मितानिनें

# एमसीएच भवन में मितानिनों के ठहरने की नहीं है कोई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

एमसीएच भवन में मितानिनों के लिए रात गुजारने के लिए व्यवस्थित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**
- रात बिताने के लिए करते हैं रतजगा

आलम यह है कि रात के समय किसी दूर दराज क्षेत्र से प्रसूताओं को लेकर आने वाली मितानिनों को बैठकर या टहल कर रात गुजारनी पड़ती है। हैरानी की बात यह है कि दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली मितानिनों को रात में काफी समस्या होती है बावजूद इसके आज तक न तो मितानिनों के लिए अलग कमरा की व्यवस्था की गई और न ही भवन की। ऐसे में ऐसे में दूर दराज से आने वाली मितानिनों को अव्यवस्था का सामना करने को मजबूर है।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसूताओं के देख-रेख तथा समय पर अस्पताल पहुंचा सके इसकी जिम्मेदारी मितानिनों की है। शहर की भांति गांव में भी मितानिनों की नियुक्ति की गई है जो प्रसूताओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने के साथ उनके आहार के संबंध में नियमित घर जाकर पूछताछ करती है। प्रसव समय अवधि करीब आने पर मितानिन प्रसूताओं को महतारी वाहन से अस्पताल लेकर आती है जो प्रसूताओं को अस्पताल में भर्ती कराने के साथ विभिन्न जांच के लिए परिजन की सहयोग करती है। हालांकि दिन के समय प्रसूताओं को लेकर आने वाली मितानिनों को ज्यादा परेशानी नहीं होती परंतु रात के समय आने वाले मितानिनों की समस्या काफी बढ़ जाती है। प्रसूताओं को अस्पताल में दाखिल करने के पश्चात दूरस्थ क्षेत्र के होने के कारण मितानिनों को पूरी रात अस्पताल में ही गुजारनी पड़ती है और सुबह घर जा पाती है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच में हर एक दो दिन बाद जिले सहित अन्य जिलों से मितानिन रात के समय प्रसूताओं को लेकर आती है। भर्ती कराने की प्रक्रिया कुछ ही समय में पूरी हो जाती है लेकिन मितानिन को वापस घर जाने के लिए किसी प्रकार की कोई साधन नहीं होने पर अस्पताल में रूकना उनकी मजबूरी हो जाती है। ऐसे में मितानिनों के लिए अलग से ठहरने की व्यवस्था नहीं होने पर कुछ तो लॉज व धर्मशाला का सहारा लेते है परंतु अधिकांश मितानिन रात होने पर अस्पताल में ही बैठकर या टहल कर रात गुजारना उनकी मजबूरी हो जाती है।



एमसीएच के पीछे मितानिन भवन के लिए चिन्हांकित जगह।

### मितानिनों के लिए था अलग व्यवस्था

मातृ-शिशु अस्पताल बनने से पूर्व पुराने लेबर वार्ड में प्रसूताओं को लेकर आने वाली मितानिनों को रूकने तथा रात गुजारने के लिए प्रबंधन द्वारा अलग से व्यवस्था बनाई थी। परिसर स्थित एक बड़े हाल के एक हिस्से को महतारी वाहन चालक व स्टाफ के लिए जबकि दूसरे हिस्से को केवल मितानिनों को लिए आरक्षित था। जहां दूर दराज क्षेत्र से प्रसूताओं को लेकर आने वाली मितानिन आराम से रात गुजार सके। परंतु एमसीएच भवन बनने के बाद मितानिनों के लिए अलग ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**भवन निर्माण जल्द**

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन दूर दराज क्षेत्र से आने वाले मितानिनों की समस्याओं से न सिर्फ अवगत है बल्कि मितानिन के रात गुजारने के लिए अलग भवन की व्यवस्था करने को लेकर गंभीर है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा भवन निर्माण के लिए जगह का चिन्हांकन कर लिया है। कुछ माह पूर्व ही एमसीएच के पीछे वार्ड को डिस्मेंटल कराए जगह पर मितानिन भवन बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई और जल्द ही भवन का निर्माण कार्य शुरू की जाएगी।

**असामाजिक तत्व बने खतरा**

एमसीएच भवन में असामाजिक तत्व काफी सक्रिय है जो दूर दराज क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों से ठगी करने के साथ उनके सामान पार कर देते हैं। इस प्रकार की घटनाएं आए दिन होती है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र से आए मितानिन के लिए भी असामाजिक तत्व खतरा बन गए है जो कभी भी गंभीर वारदात को अंजाम दे सकते है।

**जल्द होगा निर्माण कार्य शुरू**

एमसीएच भवन के पीछे डिस्मेंटल किए गए वार्ड की जगह पर मितानिनों के लिए भवन के लिए चिन्हांकित किया गया है। जल्द ही भवन का निर्माण कार्य शुरू की जाएगी। भवन बनने के बाद मितानिनों के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध हो जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी लगातार चार वर्षों तक युवती के साथ अनाचार करता रहा। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2020 में उसकी पहचान पुहपुटरा निवासी शिवभरोस राजवाड़े से हुई थी। इस दौरान दोनों के बीच मोबाइल फोन पर बात होती थी और प्रेम संबंध स्थापित हो गया। अक्सर आरोपी शिवभरोस युवती के कमरे में आना जाना करता था और 7 मार्च 2020 को उसने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया और इसके बाद लगातार चार वर्षों तक उसने युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया लेकिन जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर लखनपुर पुहपुटरा निवासी 26 वर्षीय शिवभरोष राजवाड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 376 (2) (ढ), एससी, एसटी एक्ट की धारा 3(1)(ब) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, एसआई रश्मि सिंह, महिला आरक्षक त्रिलोचनी राजवाड़े, आरक्षक बृजेश राय, रविन्द्र साहू शामिल रहे।

## घर के सामने से चोरों ने पार किया बाइक

**सूरजपुर।** भैयाथान रोड निवासी सुनील कुमार आ. स्व. कृष्ण चंद्र बंसल टेंट हाउस का संचालन करता है। शुक्रवार की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 6145 को अपने घर के बाहर दुर्गा पंडाल के सामने खड़ा कर सोने चला गया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# किसान के घर में लगी भीषण आग, नकदी सहित हजारों का सामान जलकर खाक

**महंगई।** चंदननगर में बीती रात उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक किसान के घर भीषण आग लग गई। आगजनी से किसान के घर रखे नगदी सहित लाखो का सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत था की घर में सो रहे किसान के परिवार समय रहते बाहर निकल गए नहीं तो बड़ी घटना की हो सकती थी। घर में आग लगने की वजह घर के ऊपर से गुजरे हाई टेंशन विद्युत तार में शार्ट सर्किट होने की अंदेशा जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम चंदननगर निवासी किसान प्रदीप जायसवाल सहित परिवार के 17 लोग घर के अलग-अलग कमरे में भोजन कर सो रहे थे। इसी दौरान रात 12 बजे अचानक घर में आग लग गई। घर में आग लगने की भनक लगते ही अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और घर के लोग किसी तरह घर से बाहर भाग कर जान बचाई।



घर के सदस्यों के मुताबिक रात में सभी भोजन कर सो रहे थे। आधी रात को उन्हें जलने के कारण छपर से आ रही आवाज को सुन आंगन में निकले तो घर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। पूरा घर जल रहा था जिसके बाद घर के सदस्यों में चीख पुकार मच गई और किसी तरह सभी घर से बाहर निकल जान बचाई। लेकिन पूरा घर में आग फैल जाने के कारण घर में रखे नगदी समेत सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि घर में आग लगे देख आस के लोगों ने बुझाने की कोशिश की और दमकल की टीम को सूचना दिया परंतु जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंची इससे पहले ही पूरा घर जल चुका था। घर के मुखिया प्रदीप जायसवाल बताया कि घर के ऊपर लगे विद्युत लाइन को सुधारने या हटाने के लिए विद्युत विभाग से शिकायत भी किया गया था, लेकिन संबंधित विभाग की उदासीनता रवैया के कारण शार्ट सर्किट से आग लग गई।

# डीएवी में हुई शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी संस्थान छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के निर्देशन में सूरजपुर क्लस्टर एवं जोन बी क्लस्टर का संयुक्त रूप से 27 अप्रैल दिन शनिवार से डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसका समापन सोमवार को होगा। उक्त कार्यशाला में अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, गणित, विज्ञान सामाजिक अध्ययन आदि विषयों एवं एल.के.जी. से दूसरी कक्षा तक के लिए ईडीपी कार्यशाला में विविध 21 डीएवी स्कूलों से कुल 152 अध्यापक-अध्यापिकाएं और विविध विषयों के 30 विषय विशेषज्ञ सम्मिलित हुए।




कार्यशाला के उद्घाटन सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ डीएवी गान से किया गया। कार्यशाला आयोजक विद्यालय प्रभारी एच के पाठक प्राचार्य एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं के द्वारा मोलिका मुखर्जी- ए आर ओ व प्राचार्य डीएवी स्कूल भटगांव, एस के पांडे - प्राचार्य डीएवी स्कूल चिरमिरी, पंकज भारती - स्कूल पांडवपारा, प्रदीप प्रसाद शर्मा - प्राचार्य डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल सकरिया एवं विविध डीएवी स्कूलों से शामिल हुए प्राचार्यो एवं विशेषज्ञों को पुष्प - गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनोरम स्वागत गान प्रस्तुत किया। वेन्यू इंचार्ज एच के पाठक ने अपने उद्बोधन में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से उच्च शिक्षण कौशल का विकास होगा और प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाएं लाभान्वित होंगे। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, तकनीक शिक्षण एवं पाठ्यक्रम को रोचक एवं सरल बनाने की विधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है जिससे प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाएं अपने विद्यालय में व्यावहारिक स्तर पर प्राप्त ज्ञान एवं कौशलों का प्रयोग कर विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे। मोलिका मुखर्जी ए आर ओ व प्राचार्य डीएवी स्कूल भटगांव ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षार्थी अध्यापक-अध्यापिकाओं को कार्यशाला में विविध कौशलों एवं ज्ञान को अर्जित करने तथा ऊर्जावान बने रहने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने सभी को अपने विषयगत समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को निःसंकोच सामने रखने की बात कही जिससे कक्षा शिक्षण प्रभावी बन सके।

## दुर्घटना के बाद बाइक में लगी आग, बचे सवार



**लखनपुर।** एनएच 130 लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम हंसडाढ में बाइक सवार युवक उस से बाल-बाल बच गए जब बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक में आग लग गई। जानकारी अनुसार केदमा निवासी दो युवक किसी काम के सिलसिले में बाइक से अंबिकापुर जा रहे थे। जैसे ही एनएच 130 हंसडाढ़ के संमीप बाइक सवार पहुंचे तभी सड़क पर फैले तेल के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। इसी बीच बाइक के कुछ दूर तक घसीटने के कारण बाइक में आग लग गई। बाइक सवार बाइक को छोड़ भागकर अपनी जान बचाई। गनीमत था कि बाइक सवार युवकों को चोटे आई हैं परंतु बाइक बुरी तरह से जल गई। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई।

## पत्नी ने घर जाने से मना किया तो शराबी पति ने लगा ली फांसी

**सीतापुर।** दो अलग अलग मामलों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि ग्राम सरगा निवासी 22 वर्षीय दिलराम अपनी पत्नी को लेने के लिए ससुराल ग्राम पेटला डोंडरोगीपारा गया हुआ था। युवक ने जब पत्नी को वापस घर चलने के लिए बोला तो युवक के शराब के नशे में धुत होने के कारण पत्नी ने साथ चलने से मना कर दिया जिसके बढ़युवक नाराज हो गया। इस दौरान शराबी युवक ने ससुराल में ही पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। दामाद के फांसी लगाने की जानकारी परिजन ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। वहीं एक अन्य मामले में ग्राम पुटुकेला निवासी 22 वर्षीय आशीष ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। युवक के परिजन ने जब उसका शव फांसी पर झूलता देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। युवक की आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच जारी है।

TOP IN SURGUJA

24/7 EMERGENCY SERVICE
गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
चिकित्सक प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.रितेश गुप्ता
डॉ.इति गुप्ता
डॉ.मनीष गुप्ता
दिनांक 5 मई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर | मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

डॉ.बी.मिंज
MBBS, MD, FIPM (Fellowship in pain management) Interventional pain physician and spine Endoscopist
दिनांक 11 एवं 12 मई 2024, समय - सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
(अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें मो.- 8770826055, 9827731775)
बिना ऑपरेशन पीठ दर्द, गर्दन दर्द, कमर दर्द, घुटने का दर्द, एड़ी का दर्द, सायटिका, मांसपेशियों एवं पसलियों का दर्द एवं अन्य तीन महीने से पुराना किसी भी प्रकार के दर्द का इलाज (सुईनुमा तकनीक, दूरबीन पद्वति) से मध्यप्रदेश के प्रसिद्व दर्द निवारक एवं स्पाईन विशेषज्ञ डॉ.बी मिंज द्वारा किया जाता है।
सिटी हॉस्पिटल नमनाकला अम्बिकापुर
टीपः- प्रत्येक माह के द्वितीय शनिवार एवं रविवार को उपलब्ध रहेंगे (अगले माह 8 एवं 9 जून 2024)

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनीमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफाईड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

शानदार 27 वर्ष
मंजूषा एकेडमी
Namnakala, Ring Road, Ambikapur
9826183771, 9691620315
मान्यता प्राप्त सेंटर में प्रवेश लें भविष्य सुरक्षित रखें
COURSE GUIDANCE
DCA PGDCA BCA BA B.LIB MSW
PGDRM MA MBA MSC M.COM
O Level Tally
NIELIT AISECT TEPL CSC

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 11 मई 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रात: 10.30 से दोपहर 02.30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
07774-221101, 9407910331, 9488142243
स्थान: संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल नया बस स्टैण्ड, गौरवपथ, अंबिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 16 मई 2024 दिन-गुरुवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
डॉ रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & RESPIRATORY DISEASES)
दिनांक- 28 अप्रैल 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

## खबर संक्षेप



### गुरूदेव रविन्द्रनाथ के जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 9 को

**अम्बिकापुर।** आद्या महिला बंग समिति की बैठक वन्दना दत्ता के निवास पर हुई। बैठक में सर्वसम्मति से गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर के जन्मोत्व पर 9 मई को हर वर्ष की भांति सांस्कृतिक कार्यक्रम अयोजित करने का निर्णय लिया गया। गुरूदेव का जन्मोत्व 9 मई को देवीगंज रोड स्थित दुर्गा बाड़ी में शाम 7 बजे मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समिति की सदस्यों सहित अन्य प्रतिभागी गुरूदेव रविन्द्र द्वरा रचित कहानियों पर नाटक, आवृत्ति की प्रस्तुति देंगे। बैठक में समिति की सदस्य डॉ.तृप्ति विश्वास, लिलि बसु राय, हेना सेन, मनोवि दत्ता, सविता आइच तनुश्री मिश्रा, संगीता मुखर्जी, बानी मुखर्जी, अनामिका चक्रवर्ती, पोम बनर्जी, मृदुछाया गुहा, अंजू सरकार उपस्थित थी। सदस्यों ने स्वयं कार्यक्रम में अपनी जिम्मेदारी ली तथा गुरूदेव के जन्मोत्सव को उत्साह पूर्वक मनाने की तैयारी में जुट गई है।

### मतदाता पर्ची बांटने लोगों के घर खुद पहुंचे कलेक्टर, मतदान करने का दिया संदेश



**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा क्षेत्र 1 सरगुजा हेतु 7 मई को तृतीय चरण में मतदान होना है। मतदान से पूर्व बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। रविवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर स्वयं मतदाता पर्ची वितरण के कार्य का जायजा लेने निकले। उन्होंने स्वयं प्रशासनिक अमले के साथ मिलकर मायापुर, बौरीपारा, नवापारा, चोपड़ापारा सहित अन्य वार्डों में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया। कलेक्टर श्री भोस्कर ने मतदाताओं को वोट के महत्व को बताते हुए 7 मई मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में जाकर मतदान अवश्य करने अपील की। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से भी मिलकर ग्राहकों को मतदान हेतु जागरुक करने कहा। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक और सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर ने भी इस कार्य में सहयोग किया।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल, अपराध पंजीबद्ध

**सूरजपुर।** मेहमानों को विदाई करने घर के बाहर खड़ी महिला को बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल हुई महिला की उपचार अस्पताल में जारी है। बसदेई पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम उचडीह सटेशन पारा निवासी कौशल राजवाड़े आ. गंभीरा राम राजवाड़े ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 24 अप्रैल को घर में चौथी का कार्यक्रम होने पर बड़ी संख्या में मेहमान घर आए थे। शाम 7.40 बजे मां मानकुंवर राजवाड़े मेहमानों को विदाई करने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 29 एडी 2290 का चालक रूपनारायण राजवाड़े ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मान कुंवर को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गई। परिजन ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। घटना की रिपोर्ट पुत्र कौशल राजवाड़े ने थाने में दर्ज कराई कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मंदिर का हिसाब मांगने पर गाली गलौच, पुलिस से शिकायत

**अम्बिकापुर।** नमनाकला स्थित शनि मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने मंदिर के व्यवस्थापक श्यामजीत गुप्ता पर मंदिर एवं भण्डारे की राशि का दुरूपयोग करने एवं हिसाब मांगने पर सदस्यों के साथ गाली-गलौच करने एवं मंदिर की प्रतिमा को उखाड़ फेंकने की धमकी देने का आरोप लगाया है तथा इसकी शिकायत पुलिस से की है। सदस्यों ने बताया कि श्यामजीत गुप्ता प्रारम्भ से ही मंदिर की व्यवस्था देखते हैं। इस बीच सदस्यों ने कई बार मंदिर एंव भंडारे के आय-व्यय का हिसाब प्रस्तुत करने को कहा लेकिन हिसाब न देकर वे गाली-गलौच करने लगते है। शनिवार को सदस्यों ने हिसाब प्रस्तुत करने कहा तो व्यवस्थापक गाली-गलौच कर मंदिर की प्रतिमा उखाड़कर फेंकने की धमकी देने लगा। भविष्य में विवाद न बढ़े इसलिए सदस्यों ने नई समिति का गठन करने एवं मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

## आधा दर्जन से अधिक दुकानें प्रारम्भ से ही बंद

# राशन दुकानों में ताला, भटक रहे हितग्राही



गुरू घासी दास वार्ड की बंद राशन दुकान।





ब्रम्ह वार्ड की बंद राशन दुकान।



भट्ठीपारा की बंद राशन दुकान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अप्रैल के अंतिम दिनों में राशन दुकानों में ताला लटकने के कारण हितग्राहियों को भटकना पड़ रहा है। अप्रैल में शहर की बड़ी संख्या में दुकानें प्रारम्भ से ही बंद रह रही हैं अंतिम दौर में दुकानें खुली तो चावल का स्टॉक नहीं है वहीं स्टॉक के अभाव में कई दुकानों में लगातार ताला लटक रहा है। शासन द्वारा अप्रैल महीने में एक साथ दो महीने का राशन देने की घोषणा की गई है। शहर के कुछ वार्डों में प्रारम्भ से ही राशन दुकानें खुल रही हैं जबकि कुछ वार्डों के दुकान संचालक चावल का आवंटन नहीं होने का हवाला देकर अपनी दुकाने बंद रखे थे। इधर राशन दुकान बंद होने के कारण हितग्राही प्रारम्भ से ही भटक रहे हैं। कुछ हितग्राही दूसरे वार्डों से राशन उठा रहे हैं वहीं बड़ी संख्या में हितग्राही अभी भी राशन दुकान खुलने का इंतजार कर रहे हैं। रविवार को हरिभूमि की टीम ने शहर के विभिन्न राशन दुकानों का भ्रमण कर हितग्राहियों से बात की। सुबह 11 बजे साक्षरता मार्ग स्थित राशन दुकान में ताला लटका था। हितग्राहियों ने बताया गुरूवार व शुक्रवार को दुकान खुली थी। दुकान संचालक ने बताया कि आज ही चावल का आवंटन जारी हुआ है। अधिक भीड़ होने के कारण लम्बे इंतजार के बाद उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। शनिवार को दोपहर में दुकान में चावल का स्टॉक खत्म हो गया तो संचालक ने घड़ी चौक के पास शासकीय आवास कॉलोनी में संचालित राशन दुकान में भेज दिया। दुकान संचालक ने बताया कि विभाग इतना कम चावल का आवंटन जारी कर रहा है कि एक दिन में ही खत्म हो जा रहा है। ऐसे में दुकान खोलने से विवाद की स्थिति निर्मित होती है। रविवार को शासकीय आवास कालोनी की दुकान खुली थी लेकिन शुक्रवार से ही दुकान की पॉश मशीन खराब होने के कारण राशन वितरण बंद था। शहर के गुरूनानक वार्ड की राशन दुकान खुली थी लेकिन दुकान संचालक द्वारा दूसरे वार्ड के हितग्राहियों को राशन नहीं देने की बात सुन निराश हितग्राही बैरंग लौट रहे थे। गुरू घासीदास वार्ड की दुकान में रविवार को पूरे दिन ताला लटका रहा। मेरिन ड्राइव स्थित राशन दुकान खुली थी लेकिन इक्के-दुक्के हितग्राही मौजुद थे। पूर्व में लम्बे समय से दुकान के बंद रहने की शिकायतें मिली थी। दर्रीपारा स्थित सामुदायिक भवन में संचालित राशन दुकान खुली थी तथा बड़ी संख्या में दूसरे वार्डों के हितग्राही मौजूद थे। सत्तीपारा की भी राशन दुकान रविवार को खुली थी।

**खास बातें**

- कह रहे–नहीं मिला चावल का आवंटन
- अप्रैल में सिर्फ दो दिन शेष



शासकीय आवास कॉलोनी में पॉश मशीन सुधरने का इंतजार करते हितग्राही।

### 40 फीसदी हितग्राही शेष

अप्रैल के प्रारम्भ से ही शहर की अधिकांश राशन दुकाने बंद होने के कारण 40 फीसदी से अधिक हितग्राही अभी राशन से वंचित हैं। अप्रैल में सिर्फ दो दिन शेष बचे हैं ऐसे में जिन राशन दुकानों का स्टॉक खत्म हो गया है वहां अब विभाग चावल का स्टॉक उपलब्ध करा पाएगा इसकी संभावना कम है। इसे राशन दुकान संचालकों की मनमानी कहें या विभाग की लापरवाही। पिछले चार दिनों से शहर के विभिन्न वार्डों की राशन दुकाने प्रारम्भ से ही बंद रहने की शकायतें मिल रही है। खाद्य अमला को इसकी लगातार सूचना देने के बावजूद विभाग इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### लगातार जारी किया जा रहा आवंटन

राशन दुकानों की डिमाण्ड मिलते ही चावल का आवंटन जारी किया जा रहा है। अप्रैल के अंत तक राशन दुकानें खुली रहेगी तथा सभी हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा।

-रविन्द्र कुमारी सोनी
जिला खाद्य अधिकारी

# संभागायुक्त ने किया अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के कुसमी विकासखण्ड अंतर्गत छत्तीसगढ़ झारखण्ड सीमा पर स्थित अंतर्राज्यीय सीमावर्ती कोरंधा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थैतिक निगरानी दल एवं अन्य टीमों को अवैध शराब, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन को रोकने के लिए निर्वाचन कार्य में लगे टीमों को 24 घंटे तैनात रहने के निर्देश दिए। उन्होंने दलों द्वारा संधारित किये जा रहे पंजियों का अवलोकन कर दर्ज किये गये कुल प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि निर्वाचन का समय अवैध शराब, नगद तथा अन्य सामग्री के परिवहन से संबंधित प्रकरण सामने आते हैं। इन सभी पर बारीकी से नजर रखने और उन पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने अन्य राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों को कड़ाई एवं सघनता से जांच करने को कहा। साथ ही संदिग्ध वाहनों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने कोरंधा थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव को निष्पक्ष संपंन्न कराने के लिए सतर्कता के साथ सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिये। इस दौरान छत्तीसगढ़ झारखण्ड सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत चंपा का भ्रमण करते हुए निर्वाचन के संबंध में स्थानीय लोगों से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुसमी करूण डहरिया, जनपद सीईओ अभिषेक पाण्डेय, नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

- संदिग्ध वाहनों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश



### टोलगेट तोड़ फरार हुआ वाहन, जांच में जुटी पुलिस

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 स्थित टोलप्लाजा का गेट तोड़ एक अज्ञात पिकअप वाहन फरार हो गया। घटना रविवार भोर की है इस दौरान टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने वाहनों का आवागमन कम होने के कारण ध्यान नहीं दिया। टूटा गेट देखकर कर्मचारियों ने सीसीटीवी फूटेज को खंगाला तो अज्ञात पिकअप द्वारा घटना को अंजाम देने की जानकारी मिली। कर्मचारियों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। दुर्घटनाकारी पिकअप द्वारा अवैध गतिविधियां संचालित करने की संभावना जताई जा रही है।

# हल्की बारिश के बाद 6 डिग्री गिरा दिन का पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव आया है। दो दिन की हल्की बूंदाबादी के बाद रविवार को सुबह तेज रफ्तार अंधड़ के साथ हल्की वर्षा हुई जिससे गर्मी से राहत मिल गई है। हल्की वर्षा के बाद दिन के तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। उत्तर भारत में 26 अप्रैल को सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से रविवार को सुबह आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चला एवं गरज-चमक के साथ शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आंधी की रफ्तार 35-40 किमी प्रति घंटे की बता रहे हैं। इसके पूर्व शुक्रवार एवं शनिवार की शाम भी शहर के कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई थी। मौसम विज्ञानी सोमवार को दोपहर तक विक्षोभ के सक्रिय रहने तथा उसके बाद कमजोर पड़ने का अनुमान लगा रहे हैं। इस महीने 21 अप्रेल के बाद लगातार तीन विक्षोभ सक्रिय हुए। विक्षोभ के प्रभाव से हर बार दिन के तापमान में कमी आई लेकिन पूर्व की तरह वर्षा नहीं हुई। इसके पूर्व गर्मी के मौसम में विक्षोभ के प्रभाव से अच्छी वर्षा होती थी तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होती थी। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को 0.6 मिमी एवं शनिवार को 0.7 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। अंधड़ आने के बाद पूरे दिन धूप भी निकली लेकिन दिन का तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस तक सिमटा रहा जबकि शनिवार को दिन का तापमान 40.0 डिग्री पहुंच गया था। मौसम विज्ञानी सोमवार को भी धूप निकलने का अनुमान लगा रहे है। दोपहर बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद मंगलवार से फिर चिलचिलाती धूप निकलने एवं भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। फिलहाल कोई सिस्टम सक्रिय नहीं है इसलिए आगामी दिनों में तापमान में वृद्धि होने एवं भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।



विद्युत लाइन पर गिरी पेड़ की डाल।

### डेढ़ घंटे तक गुल रही बिजली

सुबह तेज रफ्तार आंधी चलने के कारण जगह-जगह पेड़ों की डाल विद्युत लाइन पर गिरने के कारण शहर के विभिन्न वार्डों में डेढ़ घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युतकर्मियों ने नमनाकला, कार्मेल स्कूल, चोपड़ापारा, शिवधारी कॉलोनी में आई खराबी को सुधारा तो आपूर्ति सुचारू हुई। शनिवार को दोपहर में रामानुजगंज मार्ग स्थित संजय वाटिका के पास 33 केव्ही विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल टूटकर गिर गई थी ।जिसके कारण विभिन्न वार्डों की विद्युत आपूर्ति 1.30 घंटे तक प्रभावित रही।

# 847 पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में 847 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। विदित हो कि लोकसभा निर्वाचन के तहत कोरबा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है, इसके पहले रविवार को सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम बैकुंठपुर में दो दिवसीय पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में 28 अप्रैल को 247 पीठासीन अधिकारी, 231 मतदान अधिकारी 1, 218 मतदान अधिकारी, 2 एवं 151 मतदान अधिकारी 3 का दो दिवसीय मतदान दल वार प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगे ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में मतदान अधिकारी बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती माताओं को प्राथमिकता के साथ मतदान केन्द्र में वोट दिलवाएं। श्री लंगेह ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन के लिए सभी सावधानी पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं से सहानुभूतिपूर्वक बातचीत करें, व्यवहार में किसी भी प्रकार की गुस्सा, क्रोध न दिखे और न ही किसी से करें। जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मतदान समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक है। ऐसे में मतदान अधिकारी एक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे मतदाताओं के नाम मिलाते समय सावधानी के साथ तेज गति के साथ कार्य संपन्न करें।

- डाक मतपत्रों से कर्मियों कर रहे हैं मतदान



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

# मतदान को लेकर आमंत्रण कार्ड बांट रहे अफसर


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में हिस्सा लेने के लिए बकायदा जनपद पंचायत बैकुंठपुर द्वारा एक आमंत्रण कार्ड के माध्यम से आम मतदाताओं को देकर मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन व स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार बैकुंठपुर व सोनहत विकासखंड़ में अलग-अलग गतिविधियां संचालित की जा रही है, ताकि अधिक संख्या में 7 मई को होने लोकसभा निर्वाचन में हिस्से ले सके और मतदान शत-प्रतिशत हो सके। आमंत्रण कार्ड को बेहद आकर्षक रूप से तैयार की गई। कार्ड में 7 मई को होने वाले चुनाव के लिए जिले के युवा, महिला व सभी वर्गों के मतदाताओं को भाग लेने का आग्रह किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में रविवार को बैकुंठपुर जनपद पंचायत के सीईओ अलेक्जेंडर पन्ना ने पटना में जाकर आम लोगों को यह आमंत्रण कार्ड वितरण किए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह आमंत्रण कार्ड के बारे में अपने पड़ोसियों को भी खबर करें और 7 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक अपने मतदान केन्द्र जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित भी करें।

# 1 लाख मतदाताओं का मतदान शपथ 1 मई को

**मनेन्द्रगढ़।** 1 मई को श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त विभाग, निर्माण, उत्पादन एजेंसी, शासकीय, अशासकीय संस्था, लघु उद्योग से लेकर बड़े उद्योग में कार्यरत श्रमिकों से मतदान करने के लिए सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजन करने का आह्वान कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी के द्वारा किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में डी.राहुल वेंकट ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स से विशेष आग्रह किया है कि सभी व्यवसायी से समन्वय कर सामूहिक मतदान शपथ का आयोजन उनके प्रतिष्ठान में किया जाए। जिले में 1 मई को 1 लाख मतदाताओं के द्वारा शपथ लेने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए महाप्रबंधक एसईसीएल, जनपद पंचायत, मनरेगा, स्व सहायता समूह के उद्यमियों, बैंक, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, नगरीय निकाय, शैक्षणिक संस्थान एवं समस्त प्रतिष्ठान के लिए जिला स्वीप समिति के द्वारा विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है।




# 3 सरपंच समेत 75 लोग गए भाजपा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के ग्राम पंचायत पटना के स्टेडियम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को आमसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर 3 सरपंच, 1 उप सरपंच, पंच समेत काफी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों ने भाजपा का दामन थामा। सभी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में प्रवेश कराया।

मुख्यमंत्री के आमसभा के दौरान करीब 75 की संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा अन्य लोगों के द्वारा भाजपा प्रवेश किया। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष व कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सरपंच, उप सरपंच, पंच सहित अन्य लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया, जिनका मुख्यमंत्री श्री साय ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में सभी का स्वागत किया। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा ने कहा कि वे भाजपा के रीति-नीति से प्रभावित होकर ही भाजपा में प्रवेश किए और अपने साथियों को भी भाजपा में प्रवेश कराया। उन्होंने कहा कि अब वे भाजपा के लिए निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उन्हें पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं कंवर समाज के उपाध्यक्ष मोहित पैकरा के साथ ग्राम पंचायत आमापारा की सरपंच फुलेश्वरी पैकरा, सरपंच बरपारा विजेन्द्र लाल पैकरा, सरपंच पतरापाली श्याम बिहारी पैकरा, उप सरपंच चारपारा निर्मला पैकरा, पंच कयासो पैकरा, पंच जयकरन पैकरा, पंच अनूज दास, पंच रिकी प्रजापति, पंच जगनरायण कुर्रे, राजू प्रजापति, आदि शामिल हैं।







